कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान), करियप्पा मार्ग, लखनऊ छावनी -226002
Office of the Principal Controller of Defence Accounts (Central Command) Cariappa Road, Cantt., Lucknow, Pin Code – 226002
कार्यालय दूरभाष सं.-0522-2455283 | कार्यालय फैक्स सं.-0522-2451993
Office Phone NO. 0522-2455283 | Office Fax NO. 0522-2451993

## महत्वपूर्ण परिपत्र

प्रशा/1 अ/1002/अ.प्र.प. दिनाँक- 28/06/2017

सेवा में,

प्रभारी अधिकारी
समस्त उप-कार्यालय
मुख्य कार्यालय के समस्त अनुभाग

**विषयः - अनापत्ति प्रमाण पत्र : विदेश भ्रमण हेतु।**

उपरोक्त विषय के अंतर्गत यह देखा गया है कि प्रायः अधिकारी एवं कर्मचारी गण विदेश भ्रमण हेतु पहले सक्षम अधिकारी से अवकाश स्वीकृत कराते है तत्पश्चात अंतिम क्षणों में विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन करते है।

अतः इस संबंध मे सक्षम अधिकारी द्वारा निम्नलिखित दिशानिर्देश जारी किए गये है-

1. अवकाश स्वीकृति हेतु सक्षम समस्त अधिकारी विदेश भ्रमण हेतु अवकाश स्वीकृत करने से पूर्व यह सुनिश्चित करे कि कर्मचारी/अधिकारी द्वारा विदेश भ्रमण हेतु विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया गया है।
2. विदेश भ्रमण हेतु इच्छुक समस्त अधिकारी/कर्मचारी विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरांत ही वीज़ा के लिए आवेदन करे।
3. विदेश भ्रमण हेतु इच्छुक समस्त अधिकारी/कर्मचारी विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु अपने आवेदन समय से मुख्य कार्यालय को प्रेषित करें, जिससे समय रहते प्रार्थना पत्र पर उचित कार्यवाही की जा सके।
4. साथ ही समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे विदेश भ्रमण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु OM Part-I के Para 297 को ध्यान मे रखते हुए DOPT के पत्र संख्या OM F. No. 11013/8/2015-Estt. AQ-III दिनाँक 27/07/2015 के द्वारा निर्धारित प्रपत्र में ही अवेदन करें।

उपरोक्त समस्त दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये।

(प्रीतम दत्ता)
उप-नियंत्रक (प्रशा)